दिन– मंगलवार दिनांक– 21 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि 05 मिनट

---

आज सिविल सेवा दिवस है। इस अवसर पर देश–प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी सिविल सेवकों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सिविल सेवकों की प्रतिबद्धता उत्तरदायी शासन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने अपने बधाई संदेश में कहा कि सरकारी योजनाओं को दूरदराज के गांवों में सही मायने में सिविल सेवक ही लागू करते हैं, जिससे इनका सार्थक परिणाम निकलता है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सिविल सेवकों को बधाई देते हुए कहा है कि उनके अथक प्रयासों और जनसेवा से ही देश और राज्य का विकास संभव हो सकेगा। सोशल मीडिया पोस्ट पर अपने संदेश में श्री चौधरी ने कहा कि योजनाओं को बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने में सिविल सेवकों की भूमिका उल्लेखनीय है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौधरी दिल्ली पहुंच गए हैं। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सम्राट चौधरी की यह पहली दिल्ली यात्रा है। उनका गृह मंत्री अमित शाह समेत एनडीए के अन्य वरिष्ठ नेताओं से भी मुलाकात का कार्यक्रम है।

———————————————————————

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी गैर–जिम्मेदार व्यक्ति हैं और उनके बयानों को कोई भी गंभीरता से नहीं लेता। श्री चौधरी ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि महिला आरक्षण से नफरत करने वाले ऐसे नेताओं की राजनीति देश को पीछे ले जाने की है। उन्होंने कहा कि समय आने पर जनता इन्हें जवाब देगी।

———————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने महिला आरक्षण से संबंधित एक सौ इकतीसवां संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं होने के लिए विपक्षी दलों को जिम्मेदार ठहराया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने विपक्षी दलों के खिलाफ धिक्कार मार्च निकालने का ऐलान किया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री कुशवाहा ने कहा कि बाईस अप्रैल को पार्टी के कार्यकर्ता राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में विरोध मार्च निकालेगी। इस दौरान कांग्रेस और राजद समेत सभी विपक्षी दलों के महिला विरोधी रवैये से लोगों को अवगत कराया जाएगा।

———————————————————

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत आठ सौ साठ रुपये के अनुबंध शुल्क पर सात लाख रुपये का ऋण देने का दावा करने वाले फर्जी स्वीकृति पत्र का खंडन किया है। पत्र सूचना कार्यालय–पीआईबी की तथ्य जांच ईकाई ने इस पत्र को फर्जी बताया है। कार्यालय ने स्पष्ट किया कि सूक्ष्म इकाई विकास और पुनर्वित्त एजेंसी (मुद्रा) सूक्ष्म उद्यमियों या व्यक्तियों को सीधे ऋण नहीं देती है।

———————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने आशुलिपिक के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए नौ मई को होने वाली लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा के कार्यक्रम में बदलाव किया है। अब यह परीक्षा ग्यारह जून को आयोजित की जायेगी। वहीं, आयोग ने सहायक नगर निवेशक की नौ मई को होने वाली परीक्षा को अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया है।

———————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश का दक्षिणी और उत्तर–पश्चिमी भाग भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन क्षेत्रों में अधिकतम तापमान में सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। रोहतास के डेहरी में अधिकतम तापमान तैंतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पटना में भी अधिकतम पारा चालीस डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। रोहतास, कैमूर, गया, औरंगाबाद समेत कई जिलों में लू जैसे हालात बने हुए हैं। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिमी, दक्षिण–पश्चिमी और दक्षिण–मध्य भागों में अनेक स्थानों पर अधिकतम तापमान में सामान्य से दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज किये जाने की

संभावना है। विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इधर, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों से भीषण गर्मी को लेकर सावधानी बरतने की अपील की है।

———————————————————————

बक्सर जिले की स्थानीय अदालत ने हत्या के एक मामले में दोषी एक शिक्षक को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने एक लाख रुपये का अर्थदंड भी सुनाया है।

———————————————————————

गोपालगंज के जिलाधिकारी पवन कुमार सिन्हा ने आज सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ओपीडी में डॉक्टरों की गैर–मौजूदगी पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

———————————————————————

शेखपुरा जिला प्रशासन ने विभिन्न प्रखंडों में स्वाभिमान अभियान शुरू किया है। अंत्योदय की इस योजना के तहत ईंट भट्ठा पर काम करने वाले लोगों को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।